# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (27.10.2024)

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:27.10.2024, PAGE-06**

### विवि : जी प्लस-6 भवन पर 11 करोड़ खर्च करने की है योजना

# बनेगा सोशल साइंस ब्लॉक कई नये कोर्सों में होगी पढ़ाई

- मेरू प्रोजेक्ट के लिए विवि ने पीएम उषा को भेजा है प्रस्ताव

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के जर्जर सोशल साइंस के भवन को तोड़कर वहां अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बहुमंजिला भवन बनाया जाएगा. जी प्लस-6 मॉडल के इस भवन में सोशल साइंस ब्लॉक के साथ ही कई नये कोर्स को शुरू करने की भी योजना है. इसपर 11 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है. विश्वविद्यालय ने मेरू (मल्टीडिसीप्लीनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी) प्रोजेक्ट के तहत पीएम-उषा को भेजे गये आवेदन में यह जानकारी दी है.विवि योजना के अनुसार जी प्लस-6 भवन के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की व्यवस्था होगी. इसके बाद प्रथम व द्वितीय तल पर सोशल साइंस के विभिन्न विषयों के विभाग होंगे. तीसरे मंजिल पर सेंटर फॉर क्लाइमेक्स साइंस एंड गवर्नेंस, चौथे पर धारा सतत्य सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी, पांचवें फ्लोर पर इंटरनेशनल रिलेशनशिप डिपार्टमेंट और छठे मंजिल पर इंडियन नॉलेज सिस्टम डिपार्टमेंट की स्थापना की जाएगी. इसमें लिफ्ट समेत सभी अत्याधुनिक सुविधाएं भी दी जाएंगी. इसके साथ ही विवि की ओर से दो और बहुमंजिला भवन बनाने का प्रस्ताव है. इसके लिए 31 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है. यह भवन ही जी प्लस-6 मॉडल का होगा. ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग के साथ ही प्रथम तल पर कंप्यूटर सेंटर, द्वितीय पर एक्विप्मेंट रिसर्च फैसिलिटी, तृतीय पर आइक्यूएसी व बोर्ड मीटिंग रूम के साथ ही रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर, प्लेसमेंट सेल व अलुमनी एसोसिएशन सेल को व्यवस्थित किया जायेगा. चौथे फ्लोर पर आइसीटी लेबोरेट्री व मुक्स स्टूडियो, फिफ्थ फ्लोर पर रोबोटिक्स सेंटर और छठे फ्लोर पर इंक्यूबेशन हब बनाया जायेगा.

**अलग हो छात्रावास, दो स्टेडियम का भी प्रस्ताव** : विवि में शोधार्थियों के लिए अबतक अलग छात्रावास नहीं है. ऐसे में शोधार्थियों के लिए अलग से छात्रावास का निर्माण कराया जायेगा. गर्ल्स और ब्वॉयज के लिए अलग-अलग छात्रावास बनेंगे. इसके लिए दोनों छात्रावास पर 5-5 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है. इसके अलावा वीसी सेक्रेटेरिएट के लिए जगह चिह्नित कर ली गयी है. इंडियन नॉलेज सिस्टम के लिए भी अलग भवन का प्रस्ताव है. इसके साथ ही खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए दो स्टेडियम के निर्माण को लेकर भी प्रस्ताव भेजा गया है.

### बीआरएबीयू में पीजी तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट हुआ जारी, 300 छात्र हुए फेल, गड़बड़ी की हुई शिकायत



**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से पीजी सत्र 2022-24 के तृतीय सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया गया है. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर स्टूडेंट्स परिणाम देख सकते हैं. परिणाम जारी होते ही शनिवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय पहुंचे. छात्र-छात्राओं ने शिकायत किया कि उन्हें कम अंक दिया गया है. कई ने कॉपी जांचने में गड़बड़ी का भी आरोप लगाया. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि इसबार पेंडिंग की संख्या काफी कम है. कुल 104 स्टूडेंट्स का ही परिणाम पेंडिंग हुआ है. इसमें पीजी विभागों की ओर से इंटरनल अंक नहीं भेजे जाने और कुछ छात्रों की ओर से गलत विवरण दिये जाने के कारण परिणाम पेंडिंग दिख रहा है. 300 से अधिक स्टूडेंट्स फेल और 150 से अधिक प्रमोटेड हुए हैं. विश्वविद्यालय का दावा है कि बीते दिनों हुई परीक्षाओं में इस परिणाम में पेंडिंग का स्टेटस काफी हद तक ठीक हो गया है. परीक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि इस सत्र को नियमित करने के लिए छठ की छुट्टी समाप्त होते ही फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी. नवंबर में ही परीक्षा प्रस्तावित है. वहीं दिसंबर में परिणाम जारी करने की योजना है.

